श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में अन्नकूट पर्व पर 108 व्यजनों का भोग अर्पित



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शिवाजी नगर, लिंक रोड नंबर- दो स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में सोमवार को अन्नकूट पर्व मनाया गया। मंदिर महंत पं. रूपराज शर्मा ने अन्नकूट पर्व के महत्व को बताया और सभी श्रद्धालुओं से निवेदन किया कि उतना ही भोजन थाली में ले जितना हम खा सकें। भूखे, जरूरतमंद का पेट भरना सबसे बड़ा सामाजिक सरोकार है। इस पुनीत मौके पर सुन्दरसाथ जी ने कन्हैया जी को 108 प्रकार के व्यंजन का भोग अर्पित किया ।

सभी समाजजन ने सामूहिक आरती की। विदुषी मीना त्रिपाठी,डॉ. लालिमा शर्मा, साधना दुबे, नमिता शर्मा, परवीन परनामी, विनीता शर्मा, डॉ. कामिनी तिवारी, मीरा शर्मा, मानसी त्रिपाठी, सीता शर्मा, संगीता शर्मा, अनीता शर्मा, कीर्ति शर्मा, अर्चना त्रिपाठी, ममता शर्मा,ज्योत्सना शर्मा,अनुष्का शर्मा ने भज ले मोहन मुरारी घनश्याम अपना कोई नहीं भजन, गरबा नृत्य और कन्हैया जी का स्तुति गान कर अन्नकूट उत्सव मनाया । इस अवसर पर मंदिर संस्थापक सदस्य कृष्णा परनामी,पंडित भीखराज त्रिपाठी, डॉ. अतुल दुबे, डॉ. विनीत शर्मा, पंडित रजनीश त्रिपाठी, हेमंत शर्मा, राजकुमार दुबे, रविकांत शर्मा,मनीष त्रिपाठी, महेंद्र शर्मा, डॉ. जिग्नेश शर्मा,संदेश शर्मा, नबीराज शर्मा,पन्ना लाल द्विवेदी, केशव श्रेष्ठ सहित काफी संख्या में सुन्दरसाथ उपस्थित थे । मंदिर में पधारे सभी सुंदर साथजी का सचिव पंडित मम्तेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया ।

शहडोल तालाब हादसे में तीन किशोरों की मौत, परिजनों को मिलेगी 4-4 लाख की सहायता

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शहडोल जिले में तालाब में डूबने से तीन किशोरों की मौत की घटना पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना जताते हुए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से दिवंगत किशोरों को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और उनके परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। घटना की जांच के लिए कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने अपर कलेक्टर सरोधन सिंह की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की है। इसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और सिविल सर्जन को सदस्य बनाया गया है। समिति को तीन दिन में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करना होगा। रेडक्रास सोसायटी की ओर से मृतकों के परिवारों को 25-25 हजार रुपये की तत्काल सहायता के चेक दिए गए हैं। वहीं, अनुसूचित जाति विभाग ने संकटापन्न परिवारों के लिए 10 हजार रुपये तक की सहायता भी स्वीकृत की है।

छठ पूजा 13 से, घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोजपुरी एकता मंच के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद ने बताया कि भोजपुरी समाज का लोक आस्था का छठ पूजा महापर्व 13 नवंबर से नहाए खाए के साथ शुरू होगा। अगले दिन श्रद्धालु पूरे दिन निर्जला उपवास रखने के उपरांत महाप्रसाद के रूप में खीर और गेहूं की रोटी का सेवन करेंगे। 15 नवंबर को डाला छठ पूजा होगी। इसमें डूबते हुए सूरज भगवान को ठेकुआ महापकवान, अक्षत, धूप, दीप, केला, सुथनी, अरबी, गाजर, मूली,ऋतु फल इत्यादि सूप में सजाकर अर्पित किया जाएगा। साथ ही डूबते हुए सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके लिए सभी व्रत धारी मुख्य रूप से शीतल दास की बगिया घाट पहुंचेंगे। 16 नवंबर को ऊगते हुए सूरज को अर्घ्य देने के साथ ही इस अनुष्ठान का समापन होगा जिसे पारण करते हैं। इस कार्यक्रम के लिए मंगलवार को मंच ने नगर निगम के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया गया। मुख्य रूप से कुंवर प्रसाद, विमल कुमार सिंह ,विजय सोनी, मोहन जायसवाल, दरोगा विजय, अकबर खान, आमिर खान, आसिफ खान इत्यादि मौजूद रहे।

भाई दूज पर श्री चित्रगुप्त मंदिर में होगा हवन-पूजन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कायस्थ समाज की संस्था कायस्थम मध्यप्रदेश की ओर से बुधवार 11 नवंबर को भाई दूज और यम द्वितीया के अवसर पर प्रोफेसर कॉलोनी स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में पूजन-अर्चन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इसमें भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा के साथ हवन, आरती और प्रसादी वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर कायस्थम की ओर से चित्रांश बंधुओं को कलम भी भेंट की जाएगी।

अनुज की विजय मध्यप्रदेश के लिए गर्व का क्षण : डॉ. यादव

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फिलीपींस में आयोजित सातवीं आसियान प्लस इंडिविजुअल ओपन शतरंज चैंपियनशिप जीतने पर हर्ष व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने कटनी के श्री अनुज श्रीवात्री के श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के पहले तथा भारत के 100वें ग्रैंडमास्टर बनकर उन्होंने प्रदेश का ही नहीं, बल्कि देश का गौरव बढ़ाया है। भारतीय प्रशिक्षक भी इस उपलब्धि के लिए बधाई के पात्र हैं।

राजधानी में अतिक्रमण के खिलाफ निगम की कार्रवाई, न्यू मार्केट से हटवाया अवैध सामान



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को निगम अमले ने न्यू मार्केट सहित कई इलाकों में कार्रवाई कर अवैध कब्जे हटाए। दुकानदारों द्वारा निर्धारित सीमा से बाहर रखा सामान हटवाकर दुकानों के भीतर रखवाया गया। फुटपाथ और सड़कों पर व्यवसाय कर रहे हॉकर्स को टीटी नगर हाट बाजार भेजा गया। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने वल्लभ भवन, न्यू मार्केट, जवाहर चौक, नेहरू नगर, कमला नगर, नीलबड़, सूरज नगर, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, बावड़िया कलां, आशिमा मॉल, होशंगाबाद रोड, कोलार, गुलमोहर, एमपी नगर, जहांगीराबाद, हमीदिया रोड, करबला रोड, कोहेफिजा, रॉयल मार्केट, बैरागढ़, गांधीनगर और करोंद सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की।

इस दौरान अवैध छप्पर, शेड, चबूतरे, गेट और नालियों पर रखी फर्शियां हटाई गईं। फुटपाथों पर लगी सब्जी, कपड़े और फल की दुकानें हटाने के साथ ठेले, गुमठियां, काउंटर, टेबल, कुर्सियां और स्टैंड बोर्ड भी जब्त किए गए। कमला नगर थाने के पास टीन का शेड और गांधीनगर में अस्थायी लोहे का गेट हटाया गया।

आवागमन में बाधा बन रहे वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। मुरली नगर से दो, मॉडल ग्राउंड से एक, डीआईजी बंगला से एक लोडिंग ऑटो, तीन मोहरा से एक, कोहेफिजा से चार और करबला रोड से दो चार पहिया वाहन हटाए गए। कार्रवाई के दौरान एक पाइप, दो पाइप फ्रेम, एक बड़ा स्टूल, पांच स्टैंड बोर्ड, एक फोल्डिंग टेबल और छह डिवाइडर जब्त किए गए। निगम ने सीएम हेल्पलाइन और महापौर हेल्पलाइन सहित अन्य माध्यमों से मिली शिकायतों के निराकरण के लिए भी कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

महापौर ने भाई दूज पर सफाई मित्रों का किया सम्मान

नप्र, भोपालः महापौर श्रीमती मालती राय ने भाई दूज का पर्व नगर निगम के सफाई मित्रों के साथ मनाया। इस अवसर पर महापौर निवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने सफाई मित्रों को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। महापौर ने सफाई मित्रों को स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष श्रीमती बृजुला सचान और श्रीमती आरती अनेजा उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता सेनानी बनर्जी की जयंती पर किया स्मरण

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिक्षा, पत्रकारिता और राष्ट्रवादी चेतना के माध्यम से जनमानस में स्वाधीनता की अलख जगाने वाले स्वतंत्रता सेनानी सुरेंद्रनाथ बनर्जी की जयंती पर उनका स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रीय एकता और जनजागरण के लिए श्री बनर्जी का समर्पित जीवन तथा स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान सदैव राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता रहेगा।

गुफा मंदिर में अन्नकूट महोत्सव

कृष्णा गौर और मालती राय ने किया पूजन



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः दीपावली के पावन अवसर पर गुफा मंदिर में महंत श्री रामप्रवेश जी महाराज के सानिध्य में अन्नकूट पूजन महोत्सव आयोजित किया गया। इसमें पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर और महापौर श्रीमती मालती राय ने पूजा-अर्चना कर धर्मलाभ अर्जित किया। मंगलवार को आयोजित महोत्सव में परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु राजौरिया, जोन अध्यक्ष देवेंद्र भार्गव, पार्षद श्रीमती प्रियंका और पूर्व महापौर सुनील सूद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

बजरंग दल ने किया गौ-पूजन, गौ-रक्षा और सेवा का लिया संकल्प



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर बैरागढ़ स्थित कांजी हाउस में गोमाता का पूजन कर गौ-सेवा का संकल्प लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पूजा-अर्चना कर गोमाता को हरा चारा खिलाया।

कांजी हाउस में पंखों की कमी को देखते हुए कार्यकर्ताओं ने गोमाता की सुविधा के लिए तत्काल नए पंखे लगवाए। कार्यक्रम में बताया गया कि दुर्घटनाग्रस्त और बीमार गोमाता की चिकित्सा एवं सहायता के लिए पहले से ही एक सेवा वाहन संचालित किया जा रहा है। गौ-सेवकों द्वारा जल्द ही एक नया गौ-सेवा एंबुलेंस वाहन भी शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर गौ-रक्षा और गौ-सेवा से जुड़े विभिन्न संकल्प लिए गए।

कार्यक्रम में विहिप के जिला मंत्री दीपक सिसोदिया, जिला अर्चक पुरोहित पं. रवि पटेरिया, जिला सह-मंत्री जीतू कटारिया, जिला सह-संयोजक दयाराम मेहर, जिला धर्म प्रसार प्रमुख भूपेंद्र गुर्जर, जिला सुरक्षा प्रमुख करण राजोरिया, जीतू हेमनानी, मोती मांझी, विजय मुलानी, किशोर पहजलानी, धर्मेंद्र यादव, विक्रम मीणा, पार्वती नायक, देवीलाल विश्वकर्मा, कालूराव कमले, संतोष रघुवंशी, कुलदीप शर्मा, राहुल मेहरा, मिथुन यादव और एडवोकेट विष्णु बाथम सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गौ-सेवक उपस्थित रहे।

वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए सड़कों और फुटपाथों पर पानी का छिड़काव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शहर में वायु गुणवत्ता सुधारने और नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा सफाई कार्य से पहले पानी का छिड़काव किया जा रहा है। इसके साथ ही सड़कों, फुटपाथों, डिवाइडरों और दीवारों की नियमित धुलाई भी की जा रही है। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर मंगलवार को विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत ट्रैक्टर माउंट, स्प्रे मशीन और जेट स्प्रे मशीनों के माध्यम से चार इमली, उपांत कॉलोनी, माता मंदिर से भारतमाता चौराहा, पॉलीटेक्निक चौराहा, कमला पार्क, राजा भोज सेतु, 45 बंगला और रोशनपुरा चौराहे सहित प्रमुख मार्गों पर पानी का छिड़काव और धुलाई की गई।

अभियान के दौरान फुटपाथों, डिवाइडरों और सेंट्रल वर्ज की भी सफाई की गई। निगम आयुक्त ने धूल-मिट्टी वाले स्थानों पर सफाई से पहले पानी का छिड़काव करने, दीपावली पर पटाखों से जमा कचरे पर पानी डालने और सड़कों की धुलाई के निर्देश दिए हैं।

श्री मां आनंदमयी आश्रम में श्रद्धा से मनाई गोवर्धन पूजा, गौमाता की उतारी आरती



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः संतनगर स्थित श्री मां आनंदमयी आश्रम में गोवर्धन पूजा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधि-विधान से गोमाता का पूजन किया गया। गोवर्धन भगवान को माखन-मिश्री और अन्नकूट का विशेष भोग अर्पित किया गया।

पूजन कार्यक्रम आचार्य पं. अशोक शर्मा एवं आचार्य श्री लेखराज शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कराई गई और गोमाता की महाआरती की गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं और श्रद्धालुओं ने गोवर्धन भगवान के भजनों की प्रस्तुति दी। आयोजन में राम बंसल, राजेंद्र गर्ग, बसंत चेलानी, सुशील वासवानी, विष्णु बंसल, कमल प्रेमचंदानी, कन्हैया लाल मोटवानी, दिलीप, महेश, राकेश मनसुखानी, राकेश जैन, अशोक गोयल और आप सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

सेंट एसआरएस स्कूल के पांच खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय रोड साइकिल प्रतियोगिता के लिए चयन

नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदा : मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में सेंट एसआरएस स्कूल के पांच खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान बनाया है।

ये खिलाड़ी बालाघाट में 12 से 17 नवंबर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय रोड साइकिल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विद्यालय के खिलाड़ियों ने 15 से 17 अक्टूबर तक नरसिंहगढ़ में आयोजित संभाग स्तरीय रोड साइकिल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इसके आधार पर उनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में आयुष साहू (कक्षा सातवीं), चैतन्य जैन (कक्षा आठवीं), नक्ष साहू (कक्षा नौवीं), सुमित कुशवाह (कक्षा नौवीं) और ध्रुव बघेल (कक्षा दसवीं) शामिल हैं। विद्यालय के अनेक खिलाड़ी पूर्व में भी राज्य स्तर पर खेलकर संस्था का नाम रोशन कर चुके हैं। पांच खिलाड़ियों के चयन पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और प्रबंधन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

खिलाड़ियों ने 15 से 17 अक्टूबर तक नरसिंहगढ़ में आयोजित संभाग स्तरीय रोड साइकिल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया

गौ सम्मान आह्वान अभियान की जिला स्तरीय बैठक कल

गंजबासौदा। गौमाता के सम्मान, संरक्षण और संवर्धन के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान के तृतीय चरण को लेकर गुरुवार 12 नवंबर को शहर में विदिशा जिले की विशेष जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई है। यह महत्वपूर्ण बैठक दोपहर 1 बजे बरेठ रोड रघुवंशी धर्मशाला में आयोजित होगी।

मुख्यालय राज्य आपदा आपातकालीन मोचनबल मध्यप्रदेश

नूरबाग कैम्पस, पुलिस ऑफीसर मैंस के सामने जहाँगीराबाद, भोपाल

क्र/74/आ.प्र./2026 — भोपाल, दिनांक. 06.11.2026

ई-निविदा सूचना

मुख्यालय, राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल मध्यप्रदेश, पुलिस ऑफीसर मैस के सामने, भोपाल द्वारा नीचे दर्शित तालिका अनुसार आनलाईन ई-निविदा https://gem.gov.in पर आमंत्रित की जाती है।

स.क्र.	सामग्री का नाम	बिड क्रमांक/दिनांक	संख्या
01	रिमोट ऑपरेटेड लाईफबॉय	जैम/2026/बी/8246582 दिनांक 06.11.26	55

उक्त निविदा के संबंध में जानकारी होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन मध्यप्रदेश की वेबसाइट (www.homeguard.mp.gov.in) पर निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।

निविदा प्रपत्र डाउनलोड प्रारम्भ करने की तिथि : 06/11/2026
ऑनलाईन निविदा जमा करने की प्रारम्भ तिथि : 06/11/2026
ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 27/11/2026
निविदा खोलने की तिथि : 28/11/2026

जी-21249/26 — संभागीय सेनानी, एसडीईआरएफ म.प्र. भोपाल

जाहिर सूचना

मेसर्स सिया राम बालाजी केम्पस द्वारा प्रो सुनील पटेल हमारे द्वारा सिया राम बालाजी कैम्पस में हमारे द्वारा. L.I.G/EWS का निर्माण कार्य किया जा रहा है. उक्त मकान हमारे द्वारा विक्रय किये जा रहे है जिसमें EWS 3.6×12.2=39.93 तथा L.I.G. 4.3×12.7=50.32 वर्ग मी. हैं इच्छुक आवेदक हमारेआफिस- एच-171, A सेक्टर अवधपुरी में संपर्क कर सकता है।

SIYARAM CONSTRUCTION
H-171, A- Sector,
Awadhpuri, Bhopal,
Mob:9893709073

3091

जाहिर सूचना

(भू.क्रं.-07, क्षे.-543 वर्गफिट जो खसरा नं-45/2/1 (एस), रकबा-0.2310 हेक्टे. का अंश होकर ग्राम-सेमरा सैय्यद, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल म.प्र. के संबंध में)

मैं, अपने पक्षकार के निर्देशानुसार व प्रदत दस्तावेजानुसार सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि मेरी पक्षकारा ने भूमि स्वामिनी-श्रीमती गीतिका रानी सोंधी पत्नी श्री राजीव सोंधी, निवासी-एच.आई.जी.-485, ई-7, अरेरा कॉलोनी, भोपाल म.प्र. के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता आवासीय भूखण्ड क्रमांक-07, क्षेत्रफल-20x27.4=543 वर्गफिट जो व्यपवर्तित भूमि खसरा नम्बर-45/2/1 (एस), रकबा-0.2310 हेक्टेयर का अंश भाग होकर ग्राम-सेमरा सैय्यद, तहसील- हुजूर, जिला-भोपाल म.प्र. में स्थित है। जिसकी चतुर्थ सीमाएं निम्नानुसार है:- दिशा पूरब में: खसरा नम्बर-45/1 की भूमि,दिशा पश्चिम में: 18.00 फिट चौड़ा रास्ता,दिशा उत्तर में: भूखण्ड क्रमांक-06,दिशा दक्षिण में: भूखण्ड क्रमांक-07 जिसे मेरी पक्षकारा ने उक्त वर्णित सम्पूर्ण भूखण्ड को क्रय करने हेतु भूमि स्वामिनी द्वारा अनुबंधकर्तागण (01) एजाज खान आत्मज इल्यास खान, निवासी-मकान नम्बर-3/1,तिजारन लैन,जहाँगीराबाद, बड़वाली मस्जिद, भोपाल म.प्र. एवं (02) अशरफ खान आत्मज मोहम्मद इरफ़ान, निवासी-मकान नम्बर-04, गोंदे वाली गली, आम वाली मस्जिद, जहाँगीराबाद, भोपाल म.प्र. को अग्रिम प्रतिफल की राशि अदा कर विक्रय अनुबंध-पत्र का निष्पादन करा लिया है और पेपर विज्ञप्ति एवं सर्च की सहमति प्राप्त कर ली है। उक्त भूखण्ड के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, हाऊसिंग फायनेंस संस्था, वित्तीय संस्थान,फर्म, शासकीय व गैर शासकीय, कार्यालयों को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त वर्णित भूखण्ड कहीं अनुबंध, विक्रय, दान, बंधक, गिरवी, वसीयत, हिबा, मेहर, हस्तांतरण इत्यादि हो तो वह इस सूचना प्रकाशन से 10 (दस) दिवस की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के मध्यम से लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, उक्त समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् कोई आपत्ति मेरी पक्षकारा पर बंधनकारी एवं मान्य नहीं होगी, तत्पश्चात् मेरी पक्षकारा सम्पूर्ण तथ्यूदा विक्रय प्रतिफल राशि भूमि स्वामिनी एवं अनुबंधकर्तागण को अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र रहेगी।

एस.के.सक्सेना,एडव्होकेट
शारदा लॉ चेम्बर, 24, पुरानी विधान सभा के सामने, भोपाल म.प्र. मो.नं.:- 9300815799

3090

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा एक किता खसरा क्रमांक 137/1 रकबा 3.8120 हेक्टर भूमि में से 6 एकड़ भूमि का क्रय कर रहा हूं उक्त भूमि ग्राम धनोरा तहसील रायसेन जिला रायसेन स्थित में पटवारी हल्का क्रमांक-13/41 स्थित पर है। जिसको की मेरे पक्षकार द्वारा क्रय किया जा रहा है, जिसका अनुबंध मे मेरे पक्षकार ने बयाना राशि का भुगतान कर दिया गया है। जो कि विक्रेता रियाज अली पुत्र शहजाद अली निवासी वर्तमान पता 195 करोद बैरसिया मार्ग मोतीलाल नगर हुजुर जीपीओ भोपाल में पिन कोड 46 2001 के स्वत्व, स्वामित्व एवम आधिपत्य की सम्पत्ति है। यह कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति की लेनदारी, सरकारी, गैरसरकारी, बैंक, वित्तीय, संस्थान कही बंधक या कर्ज में लिप्त हो तो इस प्रकाशन के 7 दिवस में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। मेरे कार्यालय में आपत्ति मय सबूत के दर्ज कराये, अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति की रजिस्ट्री करा ली जाबेगी, प्रकाशन के 7 दिवस के बाद दाबा आपत्ति मान्य नही होगी। सभी सूचित हो।

SUNIL AND RASHMI SHRIVASTAVA
(ADVOCATE)UMA- RAMA LAW CHAMBER NO. 17|, ISBT BUS STAND, BHOPAL (M.P.)MO.9893258057

3089

जाहिर सूचना

डुप्लेक्स क्रमांक 54
'ईस्टन काउंटी' वार्ड क्रमांक-52 ग्राम मिसरोद, भोपाल '

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित शाखा अरेरा कॉलोनी, भोपाल द्वारा प्रदत किये जा रहे ऋणपेटे आवेदकगण श्री अजय कुमार सोनी आत्मज श्री बनारसीदास सोनी एवं श्रीमती रंजीता सोनी पत्नी श्री अजय कुमार सोनी दोनों निवासीगण वार्ड नं. 19 पोस्ट चांदामेटा, बोडकी ढाना, तहसील परासिया जिला छिंदवाडा (म.प्र.) द्वारा प्राप्त किये जा रहे ऋणपेटे बंधक की जा रही संयुक्त स्वामित्व की सम्पति एक किता आवासीय डुप्लेक्स क्रमांक-54 जो कि खसरा नं. 233, 235/1/2 ,234,228,229/2/1,228, 229/1 का अंशभाग होकर 'ईस्टन काउंटी' वार्ड क्रमांक-52 मिसरोद तहसील हुजूर जिला भोपाल' (म.प्र.) में स्थित है जिसकी चर्तुसीमायें निम्नानुसार है पूर्व में डुप्लेक्स नं. 67, पश्चिम में कॉलोनी रोड, उत्तर में- डुप्लेक्स नं.53, दक्षिण में डुप्लेक्स नं. 55, जिसके भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 840 वर्गफिट अर्थात् 78.08 वर्गमीटर है को प्राप्त किये जा रहे ऋणपेटे साम्यिक बंधक किये जाने हेतु मूल विक्रयपत्र अन्य दस्तावेजों के साथ बैंक शाखा में प्रस्तुत किया है। यदि उपरोक्त बंधक की जा रही सम्पति पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय, अशासकीय वित्तीय संस्था, बैंक, सोसायटी एवं अन्य का कोई हित, स्वत्व संबंध या किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन हो, तो वह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में स्पष्ट प्रमाण सहित कार्यालयीन समय में मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे, अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती, दावा, स्वत्व या अधिकार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को ऋणपेटे साम्यिक बंधक करने के लिये पूर्णतः स्वतंत्र होगा।

योगेश पवार,अधिवक्ता
245 ओल्ड अशोका गार्डन रायसेन रोड भोपाल
सम्पर्क-9893276073, 9425027947

3088